डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 94 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 16 जनवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया




## घर से स्कूल के लिये निकला शिक्षक लापता, गाड़ी-जूते मिले!



**सुवासरा, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** घर से स्कूल जाने के लिये निकला शिक्षक लापता हो गया। शिक्षक की गाड़ी और जूते रुनिजा के पास मिले हैं।

मिली जानकारी के अनुसार रुनिजा शासकीय स्कूल में पदस्थ धर्मेद्र चौरडिया स्कूल के लिए निकले थे। लेकिन, स्कूल नहीं पहुंचे। इसके बाद उनकी गाड़ी रुनिजा के पास चालू हालत में मिली। यहीं उनका एक जूता भी मिला। अब शिक्षक के अपहरण की आशंका भी लगाई जा रही है। फिलहाल पुलिस जांच के पहले कुछ नहीं कहा जा सकता। पुलिस मामले में जांच कर रही है।




## जन औषधि केंद्र: हकीकत से कोसों दूर दावे..!

**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। केंद्र सरकार ने सस्ती दर पर लोगों को जैनेरिक दवाएं उपलब्ध करवाने की उद्देश्य से जगह-जगह प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र की शुरुआत की थी। ऐसे ही शहर एकमात्र जन औषधि केंद्र में पिछले साल प्रारंभ किया गया था। जब यह केंद्र शुरू हुआ तब यहां 2 हजार से ज्यादा उच्च गुणवत्ता की दवाइयां, 300 से ज्यादा सर्जिकल उपकरण उपलब्ध होना थे। लेकिन, केंद्र में न तो 2 हजार प्रकार की दवाइयां उपलब्ध हो सकी और न पर्याप्त सर्जिकल उपकरण।**

जानकारी के अनुसार केंद्र पर लगभग 45-50 प्रतिशत ही दवाइयां हैं। इससे पता चलता है कि जिस उद्देश्य से यह केंद्र शुरू हुआ, वह वर्तमान में पूरा होता नहीं दिखाई दे रहा है। सरकार ने बड़े अस्पताल में संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र में 2000 प्रकार की दवाइयां और 300 प्रकार के सर्जिकल उपकरण मिलने का दावा किया है, लेकिन हकीकत में केंद्रों में 40 से 45 प्रतिशत दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। हृदय, मस्तिष्क, किडनी, स्किन डिजीज, कैंसर संबंधित गंभीर बीमारियों की दवाई उपलब्ध नहीं है। दरअसल जिले में वर्तमान में एक जगह इसका संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा सात निजी जन औषधि केंद्र है। बड़े अस्पताल में कई विशेषज्ञ और चिकित्सकों के खाली पद के चलते उतनी ही दवाइयां इन्होंने रख रखी है। जितने चिकित्सक अस्पताल में मौजूद है। इनमें कैंसर, बीपी, शुगर, ब्लड प्रेशर बच्चों के डायपर सहित सेनेट्री पैड पर 40-90 प्रतिशत तक की छूट मिलती है। इनमें सर्जरी ऑपरेशन सामग्री भी शामिल है, इसे इन्हें बाजार रेट से 50 से 60 प्रतिशत और 80 प्रतिशत तक की दर सभी दवाओं पर निर्धारित की हुई है।

### कई दवाईयां नहीं...

टेस्टीकुलर कैंसर, ओवेरियन कैंसर, ब्लिनाटुममाब, बोर्टजोमिब, ब्यूसरेलिन, निगाटिनिब, टूक्सिमा, ट्यूकैटिनिब यह सभी कैंसर की वह दवाइयां हैं, इनमें लंग्स कैंसर, रक्त कैंसर, बेस्ट कैंसर सहित कई कैंसर के पार्ट शामिल है। किडनी की गंभीर बीमारियों की दवाइयां ऐसी है, जो केंद्र के पास उपलब्ध नहीं है। यह दवाइयां काफी महंगी होती है जो इन केंद्रों पर केंद्र सरकार की योजना के तहत सस्ती दर पर उपलब्ध करवाई जाती है। लेकिन, केंद्र सरकार द्वारा संचालित इन मेडिकल पर ये दवा उपलब्ध नहीं होने के चलते मरीजों को प्राइवेट, अन्य मेडिकलों से मोटी दर पर दवा खरीदनी पड़ती है।

### इनका कहना...

इस मामले में सीएमएचओ डॉ जीएस चौहान से बात करने की कई बार कोशिश की गई। लेकिन उन्होंने अपना मोबाईल नंबर 9425833687 और 7000448458 उठाना उचित नहीं समझा।

## पुलिस के बच्चों को मिलेंगे मेडल, देंगें नकद राशि



**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस कर्मचारियों, अधिकारियो के बच्चों में खेल की प्रतिभा को बढ़ावा देने पीएचक्यू की कल्याण शाखा द्वारा खेल प्रोत्साहन योजना तैयार की गई है। डीजीपी कैलाश मकवाना की स्वीकृति के बाद इसे लागू कर दिया गया है। योजना का लाभ खेलों में गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल लाने वाले पुलिसकर्मियों के बच्चों को मिलेगा। राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने पर नकद राशि ज्यादा रहेगी। योजना का लाभ आरक्षक से लेकर आइपीएस अधिकारी तक के बच्चों को मिलेगा।

योजना का लाभ लेने के लिए उन्हीं खेल प्रतियोगिताओँ को मान्यता दी गई है। जो केंद्रीय खेल मंत्रालय या एसजीएफआइ द्वारा मान्यता प्राप्त है। यदि ऐसे खेल संघ कोई आयोजन करते है, तभी योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके अलावा साल में दो बार आवेदन की तारीख निश्चित की गई है। 30 जून और 31 दिसंबर तक आवेदन लिए जाएंगे।

**इनका कहना...**

पुलिसकर्मियों के बच्चों में खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए यह योजना तैयार की गई है। जिसमें राष्ट्रीय और राज्यकीय स्तर पर अलग-अलग राशि पदक के हिसाब से तय की गई है।

**अनिल कुमार**
**एडीजी, कल्याण शाखा**

### इतनी मिलेगी राशि

| | | |
|---|---|---|
| पदक | - | स्वर्ण |
| नेशनल | - | 10000 |
| स्टेट | - | 5000 |
| पदक | - | रजत |
| नेशनल | - | 8000 |
| स्टेट | - | 4000 |
| पदक | - | कांस्य |
| नेशनल | - | 6000 |
| स्टेट | - | 3000 |

## बीजेपी : जिला अध्यक्ष बने राजेश दीक्षित



**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। बीजेपी जिला अध्यक्ष को लेकर लंबे समय से उठापटक चल रही थी। करीब 32 जिलों में जिला अध्यक्ष की घोषणा हो चुकी थी। लेकिन, मंदसौर में कई पेंच फंसे हुए थे। आखिरकार बुधवार रात जिला अध्यक्ष की एक और सूची जारी हुई। जिसमें मंदसौर जिला अध्यक्ष के रूप में मल्हारगढ़ के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष और बीजेपी जिला महामंत्री राजेश दीक्षित का नाम सामने आया।**

बता दें की मंदसौर से कई दावेदार जिला अध्यक्ष पद प्राप्त करने के लिए मैदान में थे। जिसमें राजेश दीक्षित के अलावा कई अन्य नाम पैनल में भोपाल और दिल्ली की सैर कर रहे थे। माना जा रहा था कि मंदसौर जिले में सांसद गुप्ता, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया की राय जिला अध्यक्ष मनोनयन के लिए तगड़ा पेंच फंसा रही है। हो भी यही रहा था की मंदसौर में जिला अध्यक्ष घोषणा को लेकर सभी बड़े नेता अपने-अपने सिपाहियों को फिट करने के लिए जी जान लगा रहे थे। आखिरकार उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा के क्षेत्र से राजेश दीक्षित का नाम बुधवार रात को घोषित कर दिया गया।

## बीमार युवक की मौत

**नीमच, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** चैनपुरा खदान के एक युवक की तबीयत खराब होने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने जीरो पर कायमी कार मामला सम्बंधित थाने भेजा हैं। मिली जानकारी के मुताबिक विनोद पिता अमरसिंह जाति बंजारा उम्र 20 साल हालमुकाम चीताखेड़ा ने स्वास्थ्य खराब होने पर निजी चिकित्सक को दिखाया। वहां से उसे बड़े अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत्यु का कारण अभी अज्ञात है। कैंट पुलिस ने जीरो मर्ग कायम कर जांच के लिए जीरन थाने भेजा हैं। यहां जांच की जाएगी। जानकारी के अनुसार विनोद नीमच की किसी फैक्टरी में मजदूरी करता था। वह दो दिन के अवकाश पर था।

## पेड़ पर फन्दा लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**पिपलियामंडी, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कनघट्टी में बुधवार को दोपहर एक युवक ने पेड़ पर फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। कारण पता नही चला। जानकारी के अनुसार पिपलिय थाना क्षेत्र के गांव कनघट्टी में बुधवार दोपहर 3 बजे करीब किशोर (34) पिता मांगीलाल कुमावत का शव स्वयं खेत स्थित पेड़ पर फन्दे पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पहुंची, शव को नीचे उतरवाकर पीएम कराया व परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार युवक विवाहित था, जिसके एक बेटा है। विवाद की बात भी सामने आई है। आत्महत्या का कारण पता नही चला। पिपलिया टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया युवक शराब का आदी था, पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## मौसम बदला, बूंदाबांदी, ठिठुरा अंचल

**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। बुधवार की सुबह अंचल का मौसम बदल गया। शहर सहित कई कस्बे, गावों में बूंदाबांदी दर्ज की गई। वहीं बादलों की वजह से ठंड का असर कुछ कम रहा। जिले में अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया।**

मौसम वैज्ञानिक प्रकाश धामले के अनुसार, 15 और 16 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता का प्रभाव प्रदेश के पश्चिमी और उत्तरी क्षेत्रों में देखने को मिलेगा। इस दौरान बादल छाए रहेंगे। 17 जनवरी के बाद मौसम साफ होने के साथ ही ठंड का असर बढने की संभावना है। विशेष रूप से, 18 जनवरी से एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होने का अनुमान है, जिससे बर्फीली हवाओं की गति में वृद्धि होगी और पूरा प्रदेश ठंड की चपेट में आ जाएगा। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को जेट स्ट्रीम हवाएं 203 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं, जो आने वाले दिनों में मौसम में बदलाव के संकेत है।

## उधार दिए रुपए मांगे तो पीटा, 3 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** उधार दिए रुपए मांगे तो पीटा। पुलिस ने केस दर्ज किया। खजूरी चन्द्रावत निवासी राहुल बंजारा ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई भोला पिता भूरालाल बंजारा को 10 हजार रुपए उधार दिए थे। वापस मांगे तो भोला के साथ ही उसका बेटा राहुल व राहुल की पत्नी सपना तीनों ने गाली-गलौज कर लकड़ी से पीटा, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने तीनों पर केस दर्ज किया।



**तैयारी**-गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह को लेकर पुलिस विभाग द्वारा परेड की तैयारी की जा रही है।

## एटीएम पर धोखाधड़ी, खाते से निकाले 1.40 लाख




गुरु एक्सप्रेस ने पहले ही चेताया था...

एटीएम से रुपए निकालने गए बुजुर्ग के साथ फ्राड

धोखाधड़ी कर दो बार 10-10 हजार रुपए निकाले, बदनामी के डर से पीड़ित ने नहीं लिखाई रिपोर्ट

एटीएम की सुरक्षा भी भगवान भरोसे..!

**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आपके अपने गुरु एक्सप्रेस ने पूर्व में भी ख़बर के माध्यम से एसबीआई व जिम्मेदारो क़ो चेताया था कि बैंक एटीएम के बाहर सुरक्षा गार्ड तैनात करें। लेकिन, बैंक प्रबंधन का कहना रहता हैं की हमने तो बीमा करवा रखा हैं, हम क्यों एक्स्ट्रा खर्च बढ़ाये। ख़बर के बाद जिम्मेदार जागे थे और कुछ दिन तक एटीएम के बाहर गार्ड तैनात कर दिए थे। लेकिन, अब फिर वही स्थिति पुराने ढर्रे पर आ गई हैं। एटीएम के बाहर से गार्ड हटा दिए हैं और एटीएम व ग्राहकों क़ो भगवान भरोसे छोड दिया हैं। यही कारण हैं कि मंगलवार को एक बार फिर एटीएम धारक सुरेन्द्र सिंह तोमर के साथ एटीएम में धोखाधड़ी हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार सुरेन्द्र सिंह एटीएम से पैसा निकलवाने गए थे, तभी उनको ट्रांजेक्शन में कोई दिक्कत आई तो उन्होंने वही खड़े व्यक्ति से बात की। उस व्यक्ति ने उनसे एटीएम लिया और एटीएम क़ो बदलकर उन्हें कोई दूसरा एटीएम थमा दिया। उनके एटीएम से उस समय पैसा निकला नहीं था। ज़ब वे घर पहुंचे तो उन्होंने एटीएम देखा तो किसी और का निकला और कुछ देर बाद अकाउंट से 01 लाख 40 हजार विड्रॉल हो गए। यह विड्राल भी मंदसौर से नहीं बल्कि प्रतापगढ़ व जावरा के एटीएम से हुए। जिस व्यक्ति ने यह जादू दिखाया वह सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हों चूका है। हालांकि पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के नाम प्रकरण दर्ज कर लिया हैं। मामले की विवेचना जारी हैं। इस मामले में प्रशासन क़ो बैंक पर भी कार्यवाही करना चाहिए। क्यूंकि, बैंक प्रबंधन का यह कहना रहता हैं कि हमने एटीएम का बीमा करवा दिया हैं।अब उससे कोई लेना देना नहीं हैं। इसी कारण विशेषकर बुजुर्ग बदमाशों के चक्कर में पड़ परेशान होते हैं और अपनी पेंशन सहित जमा पूंजी से हाथ धो बैठते हैं।




## बस स्टैंड पर शिविर लगाकर जांची आंखे

**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के समस्त थानों द्वारा जनवरी माह में परवाह थीम पर सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इसी तरताम्य उपरोक्त में थाना यातायात मंदसौर द्वारा जिला परिवहन कार्यालय, जिला बस मोटर मालिक संघ, लाभ मुनि नेत्र चिकित्सालय तथा जैन सोशल ग्रुप गोल्ड के सहयोग से नेहरू बस स्टैंड मंदसौर पर नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शहर के नेहरू बस स्टैंड पर शिविर लगाकर लोगो की आंखो की जांच की गई। इस दौरान बस ड्राइवर तथा आम यात्रियों की दूर दृष्टिदोष, निकट दृष्टिदोष, मोतियाबिंद तथा अन्य नेत्र समस्याओं का परीक्षण किया गया। लाभ मुनि नेत्र चिकित्सालय द्वारा प्रशिक्षण में नेत्र समस्या पाए जाने पर मरीज को निशुल्क इलाज हेतु निशुल्क बस सेवा नेहरू बस स्टैंड से लाभ मुनि नेत्र चिकित्सालय तक भी प्रदाय की गई, जहां मरीज की चिकित्सा, भोजन, चश्मा तथा ऑपरेशन निशुल्क, किए जाएंगे।

शिविर के शुभारंभ पर मंदसौर जिला अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र यादव, श्रीमती पूजा मुकाती, यातायात प्रभारी मंदसौर मनोज सोलंकी, ट्रैफिक सूबेदार शैलेंद्र सिंह चौहान, जैन सोशल ग्रुप गोल्ड के अध्यक्ष कांतिलाल रातडिया, सज्जन सिंह श्रीमाल, महेंद्र खाबिया, जिला बस मोटर मालिक एसोसिएशन अध्यक्ष शिखर रातडिया, श्री मुन्ना खान, श्री अनिल गुरु उपस्थित रहे। अगला नेत्र परीक्षण शिविर 21 जनवरी को महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर प्रात: 10:00 बजे से प्रारंभ किया जाएगा।


## सक्रिय महिला कार्यकर्ता भी बन सकती है जिला कांग्रेस अध्यक्ष...

**मंदसौर/उज्जैन, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला संगठनों के पदाधिकारी चयन में दोनों दलों की रियाज चल रही है। कांग्रेस की घोषणा में अभी देर है। जबकि, भाजपा संगठन तीन चौथाई अध्यक्षों की घोषणा कर चुका है। कांग्रेस संगठन को बहुत देर हो गई यह जानने में कि युवाओं को चांस देने से पार्टी ऊर्जावान व विपक्षियों से लड़ने लायक योद्धा बना पाएगी। पहली बार इस तर्ज पर चयन किया जा रहा है। वर्तमान कांग्रेस प्रदेश संगठन भी इसी गाइड लाइन पर चलता नजर आ रहा है। भाजपा में सांसद, विधायक से लेकर संगठन में भी लगातार सत्ता में रहने के बाद भी प्रत्याशियों को बदले जाने का प्रतिशत अन्य सभी दलों से बहुत अधिक है। कांग्रेस के शीर्ष संगठन ने इस बार पदाधिकारियो में आमूल चूल परिवर्तन को तरजीह मिलती नजर आ रही है। इसीलिए मंदसौर कांग्रेस में नए जिला अध्यक्ष को बनाने की तैयारी चल रही है। वर्तमान जिला अध्यक्ष विपिन जैन विधायक बन चुके हैं और प्रदेश संगठन को लिखकर भी दे चुके हैं नए अध्यक्ष को चुनने के लिए।


चन्द्रमोहन भगत

इसके बाद से तो जिला अध्यक्ष बनने की स्पर्धा में मनजीत सिंह, राजेश रघुवंशी, ओम सिंह भाटी, दीपक गुर्जर, जगदीश फौजी आदि के नाम उनके समर्थकों द्वारा चलाए जाने लगे हैं, आज भी चला रहे हैं।

इसके अलावा राष्ट्रीय राजनीतिक दलों में महिलाओं और पिछड़ों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने पर सभी दल जोर दे रहे हैं। इस तरह का दृश्य बनता है तो महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता में रफत पयामी, रूपल संचेती और इष्टा भाचावत के नाम सतह पर उभर कर आते हैं। मंदसौर-नीमच जिले में आज तक किसी महिला कार्यकर्ता को कांग्रेस का जिला अध्यक्ष नहीं बनाया गया है। जबकि, भाजपा संगठन द्वारा नीमच जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल को घोषित कर दिया है। ऐसे में महिला मतदाताओं को बैलेंस करने के लिए भी मंदसौर, नीमच, रतलाम जिले में जहां योग्य महिला कार्यकर्ता को कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जा सकता है। भाजपा के जिला अध्यक्षों की घोषित सूची में सभी वर्ग के कार्यकर्ताओं को सम्मानजनक स्थान मिलने के साथ एक महिला कार्यकर्ता को अध्यक्ष बनाकर कांग्रेस संगठन की दुविधाएं बढ़ा दी है। किसी वर्ग के मतदाताओं को रिझाने के लिए भाजपा उपकृत करेगी तो कांग्रेस को भी करना ही पड़ेगा। इसी कारण माना जा रहा है कि मंदसौर नीमच संसदीय क्षेत्र के एक जिले को महिला अध्यक्ष से नवाजा जा सकता है। ऐसे में मंदसौर में पूर्व विधायक स्व. धनसुख भाचावत परिवार से इष्टा भाचावत का उनकी एक दशक से सक्रियता के कारण नाम चल रहा है।वर्तमान में जिला उपाध्यक्ष हैं, लोकसभा चुनाव प्रभारी और नीमच संगठन प्रभारी भी रह चुकी हैं। दूसरा नाम रूपल संचेती का आ रहा है अभी जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष हैं। एक बार पार्षद रह चुकी हैं उनके सास ससुर दो-दो बार पार्षद रह चुके हैं। अत: सक्रिय जन आधार वाला कांग्रेसी माना जा सकता है। रफत पयामी में वर्तमान में नगर पालिका परिषद में दूसरी बार विपक्ष की नेता पद पर हैं। तीन बार पार्षद और कांग्रेस से नगर पालिका अध्यक्ष की प्रत्याशी भी रह चुकी हैं। इसके पहले जीतू पटवारी की युवक कांग्रेस में तथा महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव भी रही है। अगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष पर विचार किया जाएगा तो इन नामो का बायोडाटा विचार करने लायक है। अन्यथा पुरुषों की फेहरिस्त में आधा दर्जन से अधिक नाम है।

## सीतामऊ में 30 से होगा तीन दिवसीय साहित्य महोत्सव का आयोजन...

# लदूना तालाब स्थित सेवाकुंज परिसर से विधिवत शुरुआत

**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊमें 30 जनवरी से तीन दिवसीय सीतामऊ साहित्य महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। जिसकी आज विधिवत शुरुवात लदूना तालाब स्थित सेवाकुंज परिसर से शुभंकर मटरू मगरमच्छ का अनावरण कर की गई। 500 आकाशदीपों को आकाश में उड़ाए गए। जिससे सेवाकुंज परिसर जगमगा उठा। अपनी साहित्यिक विरासत को लेकर प्रसिद्ध छोटी काशी नगरी सीतामऊ अपनी वैभवशाली संस्कृति का गान करेगी। साहित्य, कला एवं दर्शन क्षेत्र से जुड़ी देश की जानी मानी हस्तियों की उपस्थिति में मुख्य आयोजन 30, 31 जनवरी व 1 फरवरी को सीतामऊमें होगा। जिसमें विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत देश की प्रमुख हस्तियां इसमें शामिल होंगी। आयोजन को यादगार बनाने के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम में अलग-अलग दिन कई विधाओं से जुड़े रुचिकर कार्यक्रम भी किए जाएंगे। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती गर्ग, सुवासरा विधायक श्री हरदीप सिंह डंग, स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसडीएम श्रीमती गर्ग, जिला अधिकारी विकासखंड स्तरीय अधिकारी, बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद थे।

सीतामऊ साहित्य सम्मेलन के माध्यम से क्षेत्रवासियों को पुन: एक बार सीतामऊकी ऐतिहासिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक समृद्धता का परिचय करवाया जाएगा। आम तौर पर बड़े शहरों में आयोजित होने वाले इस तरह के कार्यक्रम को पहली बार जिले के सीतामऊ नगर में किया जा रहा हैं। जिसको लेकर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बड़े स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। ऐतिहासिक क्षेत्र में हस्तलिखित जानकारियां, ताम्रपत्र जैसी बहुमूल्य ऐतिहासिक विरासत सीतामऊक्षेत्र में उपलब्ध हैं। इसका अध्ययन एवं रिसर्च करने देशभर के विद्यार्थी यहां आते हैं ऐसी कई ऐतिहासिक, भौगोलिक एवं सांस्कृतिक विशेषताएं सीतामऊक्षेत्र में मौजूद हैं जिनका उल्लेख इस साहित्य महोत्सव में किया जाएगा। सीतामऊनगर को इस आयोजन के दौरान आकर्षक रूप से साज-सज्जा की जा रही हैं।

## एसटीएससी छात्रावास के अधीक्षक व जिला सहसंयोजक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर...

# कलेक्टर कार्यालय परिसर में दिया धरना एवं ज्ञापन



**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** एसटीएससी छात्रावास रेवास देवड़ा रोड में छात्रावास अधीक्षक एवं आदिम जाती कल्याण विभाग के जिला सहयोजक की लापरवाही से छात्रो को निरंतर आ रही समस्याओं को लेकर छात्र नेता राघवराज सिंह शक्तावत के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय परिसर में धरना दिया गया एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर छात्रावास अधीक्षक एवं जिला संयोजक के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की।

दिये गये ज्ञापन में कहा कि यह ज्ञापन एसटीएससी छात्रावास के अधीक्षक को निलंबित एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला सहयोजक के खिलाफ सख्त कार्यवाही हेतु दिया जा रहा है। पूर्व में भी छात्रो द्वारा कई बार लिखित आवेदन व सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की तथा प्रदर्शन एवं कई ज्ञापन दिए गए परंतु छात्रो की समस्या का न तो हल हुआ ना ही किसी के द्वारा छात्रो की सूद ली गई। छात्रो को अभी भी कई समस्याओं का सामना निरंतर करना पड रहा है और जब भी इन समस्याओ को लेकर छात्र शिकायत करते है तो जिला सहयोजक मैडम द्वारा और छात्रावास अधीक्षक द्वारा धमकाया व डराया जाता है और छात्रों के घर झूठे नोटिस भेज कर उन्हें दबाने का प्रयास किया जाता है एवं हॉस्टल से निकल देने की धमकी दी जाती है। छात्र नेता राघवराज सिंह शक्तावत ने समस्याएं बताते हुए कहा कि छात्रावास में कंबल उपलब्ध होने पर भी छात्रो को नहीं दिए जा रहे है। छात्रो को ठंड में काफ़ी परेशानी का सामना करना पड रहा है। छात्रो के नाम के कंबल का उपयोग कर्मचारी कर रहे है। खाने की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। जिन कर्मचारियो पर खाना बनाने की ज़िम्मेदारी है उन्होंने स्वयं ने खाना बनाने की ज़िम्मेदारी दूसरे मजदूरों को दे रखी है जिन्हे खाना बनाना भी नहीं आता। छात्र कभी कच्ची तो कभी जली हुई रोटिया और सब्जी खाने पर मजबूर है की छात्र संख्या होने के बावजूद भी सिर्फ 2 ही बाथरूम चालू है। अधीक्षक छात्रो का कॉल तक नहीं उठाते न ही समय पर हॉस्टल में उपलब्ध रहते है। अधीक्षक चरण सिंह चौहान छात्रो को बात-बात पर खुद को उच्च जाति एवं छात्रो को छोटी जाति का बताने का प्रयास करते है। छात्रावास अधीक्षक चरण सिंह चौहान स्वयं को उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का ख़ास बता कर उनके नाम से दलित छात्रो को डराते है और स्वयं को सिस्टम से भी उपर बताते है। इन समस्याओ के साथ साथ कई और मूलभूत समस्याओं से भी झूझना पड रहा है। कलेक्टर से मांग की कि छात्रावास अधीक्षक को जल्द से जल्द निलंबित किया जाए और आदिम जाति कल्याण विभाग की जिला सहयोजक पर इस मामले में लापरवाही करने पर उचित कार्यवाही करे। यदि ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण ज़िम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर अशफाक, कपिल, तरुण, महेश परमार, विकास सहित बडी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

# विधायक सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया विधायक जैन ने

**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** आम आदमी की सेवा के प्रकल्प को जारी रखते हुए आज जिला चिकित्सालय में विधायक सेवा केंद्र का शुभारंभ मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन ने किया। इस सुविधा केंद्र के शुभारंभ हो जाने से दूर दराज से आने वाले मरीजों के साथ परिजनों को कंबल, गादी, तकिया व चटाई निशुल्क उपलब्ध हो सकेगी।



इस शुभारंभ अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि जिला चिकित्सालय में बड़ी संख्या में पूरे जिले व आस पास से मरीजो के साथ परिजन दूर दराज से इलाज के लिए आते हे और आने वाले अटेंडर को भरी ठंड में किराए के बिस्तर शुल्क दे कर लाने पढते हे और जमीन पर सोना पडता था। सो अब विधायक सुविधा केंद्र शुरू होने से मरीज के साथ आने वाले परिजनों को निशुल्क कंबल, तकिया, गादी, चटाई आदि निशुल्क उपलब्ध हो सकेगी। विधायक श्री जैन ने आगे कहा कि इस समस्या के बारे में काफी समय से लोगों से व मीडिया में छपी खबरों के माध्यम से जानकारी मिल रही थी। इस शुभारंभ अवसर पर मंदसौर सिविल सर्जन डॉक्टर डी.के. शर्मा,, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव सोमिल नाहटा, जिला कांग्रेस पदाधिकारी में सर्वश्री लक्ष्मण मेघनानी, राजनारायण लाड, जिला चिकित्सालय में विधायक प्रतिनिधि श्री मनोहर नाहटा, शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि श्री राजेश फरक्या, सुभाष जैन, नितेश सतीदासानी, रवि विनायका, सौरभ भंडारी, अरिहंत भंडारी, सौरभ बाकलीवाल, संजय जेन, नरेंद्र विश्वकर्मा आदि इस अवसर पर उपस्थित थे।

# वेस्ट जान पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन



**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला पेंचिक सिलाट एसोसिएशन अध्यक्ष विजय कोठारी व मीडिया प्रभारी सुरेश भाटी ने बताया कि जिला पेंचिक सिलाट एसोसिएशन मंदसौर एवं मिक्स मार्शल आर्ट के संयोजन में 10 से 12 जनवरी को तीन दिवसीय वेस्ट जॉन पेंचक सिलाट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ मनमोहन वाटिका कौशल्या रिसोर्ट में गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया था, जिसका कि समापन पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद, कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी नाहरू खा मेव, विशेष अतिथि प्रेस क्लब अध्यक्ष पुष्पराज राणा, विशेष अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी लोकेंद्र कुमार डाबी, सीए एसोसिएशन मंदसौर सचिव विकास भंडारी, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली पुष्पेंद्रसिंह राठौड़, सकल जैन समाज के अध्यक्ष दिलीप लोढ़ा, वरिष्ठपत्रकार सुरेश भाटी, सचिव पारीक समाज गिरीश पारीक, अशोक पारिख, बीसा पोरवाल समाज अध्यक्ष लोकेंद्र गोटावाला, वेस्ट जोन के अध्यक्ष अलेक्स थॉमस, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट फिलिया थॉमस, गोवा पेंचिक सिलाट एसोसिएशन के सचिव एंथोनी केडली ब्रिगेंजा, संस्था संरक्षक अनिल कियावत की गरिमामई उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन संस्था संरक्षण अनिल कियावत ने दिया।

आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता की जानकारी संस्था अध्यक्ष विजय कोठारी ने देते हुए बताया कि विभिन्न प्रांतो से आए टीमो में से प्रथम स्थान मध्य प्रदेश द्वितीय स्थान महाराष्ट, तृतीय स्थान गोवा ने हासिल किया। पेंचिक सिलाट एक मिनिस्ट्री गेम है जिसमें खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स कोटा से गवर्नमेंट सरकारी नौकरी लगती है। आपने मार्शल आर्ट के प्रति बच्चों की बढ़ती रुचि को देखते हुए अपने बच्चों को इतनी दूर दूर से यहां खेलने भेजने हेतु अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष विजय कोठारी, सचिव गगन कुरील, टेक्निकल डायरेक्टर सैयद आफताब आलम, असलम खान, सुनील हीवे ग्वाला, अशोक गहलोत, दिनेश चंदवानी, कमलेश डोसी, दुर्गेश बेलानी, एडवोकेट दीनदयाल भावसार, हितेश सालवी, धर्मेंद्र सिंह रानेरा, शाहिद हुसैन, यशवंत सिंह राठौर, धर्मेंद्र कुमारी बघेरवाल, दीपक प्रजापत शाहिद मंसूरी आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव गगन कुमार कुरील ने किया व आभार टेक्निकल डायरेक्टर सैयद आफताब आलम ने माना।

# राष्ट्र निर्माण और अनुशासन की प्रथम सीढ़ी स्काउट गाइड है-डाबी

## भारत स्काउट/गाइड द्वितीय सौपान जांच शिविर का शुभारंभ

**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारत स्काउट/ गाइड द्वितीय सौपान जांच शिविर का शुभारंभ किया गया। सर्व प्रथम स्काउट जिला कमिश्नर स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी लोकेंद्र डाबी, विकासखंड कमिश्नर एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी आनंद डाबर, लोहपुरुष वल्लभभाई पटेल प्राचार्या श्रीमती ज्योत्सना शर्मा, वरिष्ठलेखपाल राकेश पुरोहित, जिला प्रशिक्षण आयुक्त मांगीलाल गौड़, जिला प्रवक्ता उमर शेख, स्काउट मास्टर मोहनलाल सिंधी द्वारा मां सरस्वती और लार्ड बेडन पॉवेल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया गया।



जिला शिक्षा अधिकारी जिला कमिश्नर स्काउट लोकेंद्र डाबी ने अपने उद्बोधन में बताया कि द्वितीय सोपान शिविर के पश्चात तृतीय सोपान और राज्यपाल, राष्ट्रपति स्काउट बनने की है यह सुंदर अवसर है। राष्ट्र निर्माण और अनुशासन की प्रथम सीढ़ी स्काउट गाइड है सभी स्काउट गाइड से आव्हान किया कि वे राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने का अपना मकसद पूरा करें और अपने विद्यालय, विकासखंड, जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें। विकासखंड कमिश्नर स्काउट आनंद डाबर ने छात्रों से आव्हान किया कि वह स्काउट गाइड के प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने जीवन में सफलता की सीढ़ियां चढ़ते हुए लगातार उन्नति की ओर अग्रसर हो। प्राचार्य ज्योत्सना शर्मा ने भी स्काउट गाइड को जीवन में निरंतर उन्नति की कामना की। कार्यक्रम का संचालन इफ्तेखार खान ने किया एवं आभार प्रदर्शन जिला प्रवक्ता मोहम्मद उमर शेख ने किया। इस अवसर पर इफ्तेखार खान, स्काउट संकुल प्रभारी कचनारा, अर्चना अटवाल, संध्या सहारिया, शशिकला मेमोरिया, रुचि मेहता, रामेश्वर खचरानियां, शबाना खान, छाया भाटी आदि उपस्थित थे।

# युवा प्रेस क्लब का मकर संक्राति उत्सव संपन्न



**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** 15 जनवरी बुधवार को युवा प्रेस क्लब का मकर संक्राति उत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह राठौर उपस्थित थे। श्री राठौर का स्वागत युवा प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चरण राजपाल, सचिव चित्रेश सोनी, उपाध्यक्ष अशोक परमार, कोषाध्यक्ष ललित भाटी और सह- सचिव विजयेन्द्र फांफरिया ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकारों ने मुख्य अतिथि थाना प्रभारी श्री राठौर के साथ गिल्ली डंडे और पतंगबाजी का आंनद लिया सभी ने गिल्ली डंडे में बडे - बडे शॉट लगायें। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने डांस कर शुखनुमा माहौल में मकर संक्राति पर्व को मनाया। खेल के बाद सभी साथियों ने सहभोज का आनंद लिया जिसके बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर थाना प्रभारी टीआई पुष्पेन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि हमें अपने परंपरागत पर्वो का ऐसे ही मानना चाहिए आज के मोबाईल युग में हम ये सब भुलते जा रहे है लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए पतंगबाजी, गिल्ली डंडे हमारे पारंपरिक खेल भी है और पर्व के तौर पर भी इनका महत्व है, इसलिए हमे हमारे तीज त्यौहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए, युवा प्रेस क्लब के भी सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई जिन्होने इतना अच्छा आयोजन आयोजित किया। इस अवसर पर जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष पुष्पराजसिंह राणा, दशपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष नेमीचंद राठौड़, वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल वाहिद रईस, प्रकाश सिसौदिया, शाहिद चौधरी, युवा प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष महावीर जैन, लोकेश पालीवाल, विकास तिवारी, सचिन जैन, ललित पटेल, किशोर ग्वाला, विपिन चौहान गोलू, गौरव जोशी, निलेश त्रिवेदी, जितेश जैन, प्रदीप कारपेंटर, अभिषेक अरोरा, कमलेश गडिया, देवेन्द्र मोर्य, विकास सुराणा, हेमंत धनोतिया, राजेश पाठक, पवन उपाध्याय, ओम कुमावत, संदीप कुमावत, दशरथ गरासिया, जितेन्द्र देवडा, प्रीत शर्मा, संजय भाटी, ललित शंकर धाकड़, दुर्गेश शर्मा, रूपेश सोलंकी, आशीष भारद्वाज, कमलेश मोदी, धर्मेन्द सिंह रानेरा, शुभम चौहान, पंकज मोदी, अरविन्द जोशी, दिग्विजय पंवार, मंगलेश सूर्यवंशी, सईम पठान, राजपाल परिहार, शाहिद पठान, विवेक शर्मा, योगेश पोरवाल, रोहित सोलंकी आदि पत्रकार उपस्थित थे।

# जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया

**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के ग्रुप कैप्टेन श्री संजय दीक्षित द्वारा बताया गया की सशस्त्र सेना (वेटरन्स) दिवस के अवसर पर मंदसौर शहर में निवासरत वयोवृद्ध एवं चलने - फिरने में असमर्थ भूतपूर्व सैनिकों के निवास पर पहुँचकर परिवार के सदस्यों से उनकी कुशल क्षेम पूछी। इसके उपरांत उन्होंने पुष्पमाला पहनकर एवं श्री फल देकर सम्मानित भी किया गया।



# शासकीय स्कूल में स्वेटर वितरण

**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** समाजसेवी मोहन मेघनानी परिवर द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय चंबल कॉलोनी में स्कूली विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किऐ गए। मेघनानी परिवार के हितेश मेघनानी, श्रीमती लवीना मेघनानी, निशा मेघनानी और निमेष मेघनानी द्वारा करीब 150 बच्चों को स्वेटर बांटे गए। इस अवसर पर डीपीसी जगतदेव शुक्ल, एपीसी रामलाल जोधवार और स्कूल स्टॉफ की तरफ से किणेंद्र ठोरा, रचना वर्मा, मंजुलता रायवाल, सरिता व्यास मौजूद थी।

# प्रगतिशील लेखक संघ का वार्षिक आयोजन संपन्न

**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रगतिशील लेखन में ज्वलंत सामाजिक मुद्दों और राजनीतिक जागरूकता के साथ देश के व्यापक हित में अलख जगाने की आवश्यकता है।

ये विचार क्षेत्र की सांस्कृतिक गतिविधियों के संरक्षक, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक नरेंद्र सिंह सिपानी ने व्यक्त किए वे प्रगतिशील लेखक संघ मन्दसौर इकाई के वार्षिक सम्मेलन में वर्तमान समय में हमारा हस्तक्षेप विषय पर बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में यह आवश्यक है कि नागरिक अधिकारों का हनन न हो। लेखकों को पर्यावरणीय समस्याओं पर भी आवाज़ बुलंद करना होगी। प्रलेसं राज्य सचिवमण्डल सचिव असअद अन्सारी ने कहा कि लेखकों को सामाजिक विघटनकारी शक्तियों के उभार के ख़तरे के मुक़ाबले प्रतिरोधी साहित्य सृजन के माध्यम से हस्तक्षेप करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील लेखकों का नेतृत्व मौजूद समय के प्रति ग़फ़लत में नहीं है। लेखक अपने कर्तव्यों को अंजाम देने कि प्रति कटिबद्ध हैं। प्रलेसं मार्गदर्शक



मंडल के वरिष्ठ सदस्य कैलाश जोशी ने कहा कि सामाजिक राजनीतिक मुद्दों में लेखकों का हस्तक्षेप होता रहा है आगे भी होता रहेगा। यह सत्य है कि देश में सत्ता संरक्षित संगठनों की ताकत बढ़ी है डॉ. एस. एन. मिश्रा ने कहा कि प्रगतिशील लेखक संघ को विद्यार्थियों और युवाओं में साहित्यिक, राजनीतिक और सामाजिक चेतना जागृत करना होगी।डॉ. स्वप्निल ओझा के अनुसार प्रगतिशील आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि हम समान विचारधारा वाले संगठनों के साथ मिल कर काम करें। इकाई सचिव दिनेश बसेर ने वार्षिक प्रतिवेदन में संगठन की गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुवे आय- व्यय की जानकारी दी।कार्यक्रम में डॉ. रामराज सैन, प्रकाश गुप्ता, आसिम अन्सारी, शोभा कश्यप, शमीम अन्सारी, पूजा ओझा, हूरबानो सैफ़ी, हेमलता गुप्ता, रुहीना सिद्दीकी, वैदिक ओझा, हेमन्त कछावा, अनन्त ओझा उपस्थित थे।हूर बानो सैफ़ी और रुहीना सिद्दीक़ी, वैदिक ओझा को कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए प्रोत्साहन पुरुस्कार प्रदान किये गए।संचालन दिनेश बसेर ने और आभार प्रदर्शन प्रकाश गुप्ता ने किया।

# सैनिक कल्याण संचालक नायर ने नीमच में शहीद स्मारक पर दी श्रृद्धांजली

**नीमच, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** ब्रिगेडियर श्री अरूण नायर सेना मैडल(से.नि.) संचालक, संचालनालय सैनिक कल्याण भोपाल ने नीमच जिले के भ्रमण दौरान 15 जनवरी 2025 को शहीद पार्क नीमच पहुंचकर शहीद स्मारक पर श्रृंद्धाजलि अर्पित की। उन्हो नें वहां उपस्थित पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं एवं आश्रितों के साथ सौजन्य भेंट कर चर्चा भी की। उन्होनें वीर नारियों, द्वितीय विश्व युद्ध में शामिल पूर्व सैनिकों की विधवाओं को भी सम्मानित किया।



# वोट जैसा कुछ नहीं, वोट ज़रूर डालेंगे हम विषय पर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न



**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पी.एम. कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शास. स्नात. महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डॉ. वी.पी. तिवारी ने जानकारी दी कि आगामी 25 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट ज़रूर डालेंगे हम' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने रचनात्मक निबंध प्रस्तुत किए और सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर खुशबू परिहार, द्वितीय स्थान पर सुधांशु भावसार एवं तृतीय स्थान पर धीरज प्रजापत रहे।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने बताया कि महाविद्यालय स्तरीय निबंध प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी जिला स्तर निबंध प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला स्तर पर चयनित प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 25 जनवरी को माननीय कलेक्टर द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रो. योगेश पटेल सहित अन्य सम्माननीय अतिथि भी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. वी.पी. तिवारी ने यह भी बताया कि मध्यप्रदेश के सभी 52 जिलों के प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों में से राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

**अवकाश सूचना**

**14 जनवरी को मकर संक्रांति के पर्व पर दैनिक गुरु एक्सप्रेस कार्यालय का अवकाश रहा। इसलिए 15 जनवरी का अंक स्थगित रहा। पाठकों, स्नेहीजनों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है।**

**-संपादक**

# बांछड़ा समुदाय के युवाओं को सेना, पुलिस, अग्निवीर भर्ती की नि:शुल्क तैयारी करवाई जाएगी-चंद्रा

## पंख अभियान के तहत नोडल अधिकारियों और स्वयं सेवकों की कार्यशाला सम्पन्न

**नीमच, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन द्वारा फरवरी माह से समुदाय विशेष (बांछड़ा समुदाय) के 12वीं उत्तीर्ण युवक, युवतियों को सेना, पुलिस एवं अग्निवीर भर्ती के लिए नि:शुल्क फिजिकल तैयारी करवाई जाएगी। साथ ही अन्य प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी के लिए भी कोचिंग की नि:शुल्क व्यवस्था की जाएगी। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने टाउनहॉल नीमच में पंख अभियान के तहत आयोजित बांछड़ा बाहुल्य ग्रामों के स्वयं सेवकों और नोडल जिला अधिकारियों की कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, जिला महिला बाल विकास अधिकारी



श्री टी.सी.मेहरा, जिला संयोजक आदिम जाति कल्यारण श्री राकेश राठौर, जिला अधिकारी एवं बांछड़ा बाहुल्य ग्राम पंचायतों के नोडल अधिकारी भी उपस्थित थे।

**बांछड़ा बाहुल्य ग्रामों में ग्राम स्तरीय दल गठित करें-** कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया, कि वे बांछड़ा बाहुल्य ग्रामों में ग्राम स्तरीय दल गठित करें, इस दल में सरपंच, उप सरपंच, प्रतिष्ठित समाजजनों और समाज के जागरूक युवक, युवतियों को शामिल करें। इस दल को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ग्राम के नोडल अधिकारी उपलब्ध कराएंगे। कार्यशाला में कलेक्टर ने बांछड़ा बाहुल्य ग्रामों के स्वयं सेवकों से कहा, कि वे और भी स्वयं सेवक अपने गांव में तैयार करें, और समुदाय विशेष के लोगों से चर्चा कर, उन्हें अभियान से जुड़ने हेतु प्रेरित करें। कलेक्टर ने नोडल अधिकरियों से कहा, कि वे नियमित रूप से इन गावों का भ्रमण कर, गांव एवं बांछड़ा समुदाय से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी संकलित कर अपने पास रखें। उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे अपनी स्वयं की ग्राम में टीम तैयार करें, अधिकाधिक युवाओं को जोड़े, शासन द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक, स्वरोजगार योजनाओं का लाभ समुदाय विशेष के पात्र युवाओं को दिलवाए। जिससे, कि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

**हितलाभ वितरण:-** इस मौके पर कलेक्टर ने आदिम जाति कल्याण विभाग की ओर से संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत सगरग्राम के समुदाय विशेष के युवक मनीष कुमार को किराना व्यवसाय के लिए 2 लाख रूपये की ऋण राशि का एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्वरोजगार योजना के तहत सगरग्राम निवासी नैना बांछड़ा को किराना दुकान के लिए एक लाख रूपये की ऋण राशि का चेक भी प्रदान किया।

### सीएम मोहन कैबिनेट में निर्णय...

# एमपी में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से रोशन होंगे सरकारी भवन

**भोपाल, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अब सरकारी भवनों के लिए भी लागू होगी। इसमें सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया।

कैबिनेट में निर्णय हुआ है कि जिला स्तर पर 20 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता वाले शासकीय भवनों को शामिल करते हुए निविदा के माध्यम से यह काम किया जाएगा। पीपीपी मॉडल पर यह काम होगा और जिसे यह काम दिया जाएगा, वह 25 वर्ष तक सोलर रूफटॉप संयंत्र की देखरेख करेगा। इसके लिए राज्य स्तरीय समन्वय समिति बनाने का निर्णय भी लिया गया है।

**कैबिनेट के अन्य अहम फैसले–** ✻मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन समृद्धि योजना को 2026 तक निरंतर रखने का निर्णय लिया गया। इसमें 100 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। बैठक में गरीब कल्याण मिशन की क्रियान्वयन को लेकर भी चर्चा हुई। ✻ तय किया गया कि गरीबों की आर्थिक स्थिति को सुधार करने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास नगरीय विकास एवं आवास विभाग के सहयोग से मिशन संचालित किया जाएगा। ✻ डायल 100 सेवा के दूसरे चरण अप्रैल 2025 से सितंबर 2030 के संचालन के लिए नवीन सिस्टम इंटीग्रेटेड के चयन के लिए 1565 करोड़ रुपए की डीपीआर को स्वीकृति दी गई है। ✻ 5 वर्ष 6 माह के लिए 1200 वाहन के साथ परियोजना को स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही प्रत्येक जिले में पुलिस बैंड की स्थापना के लिए 932 नए पद सृजन करने की स्वीकृति दी गई।

**24 को महेश्वर में कैबिनेट बैठक–**मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव 27 जनवरी से 1 फरवरी तक जापान की यात्रा पर रहेंगे। 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में इंग्लैंड, जर्मनी के साथ जापान भी पार्टनर रहेगा। इससे पहले 24 जनवरी को कैबिनेट बैठक होगी।

# महाकवि कालिदास के ग्रंथ विश्व साहित्य की धरोहर हैं

## चित्र प्रदर्शनी के साथ कालिदास प्रसंग का शुभारंभ



**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन द्वारा दो दिवसीय कालिदास प्रसंग के आयोजन के प्रथम दिवस प्रात: काल के सत्र में महाविद्यालय स्थित कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम के परिसर में महाकवि कालिदास के साहित्य पर केंद्रित पुरस्कृत चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद प्रसिद्ध कथा प्रवक्ता पं. दशरथ भाई शर्मा, ब्रह्माकुमारी हेमलता बहन की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर एसपी अभिषेक आनंद ने कहा कि कला और साहित्य से जुड़े आयोजनों से हम सभी को प्रेरणा मिलती है। महाकवि कालिदास की रचनाएं विश्व साहित्य की अनमोल धरोहर हैं। आपने कहा कि मुझे यह जानकर बड़ी प्रसन्नता हुई कि इतने महान कवि का संबंध मंदसौर से भी रहा है।निश्चित रूप से यहां के गौरवशाली इतिहास में महाकवि कालिदास का होना हम सबके लिए अनुपम उपलब्धि है। पं. दशरथ भाई शर्मा ने कहा कि संस्कृत साहित्य को समृद्ध करने में महाकवि कालिदास रचित साहित्य बडा माध्यम हैं। महाकवि कालिदास द्वारा रचित ग्रंथों से संस्कृत साहित्य को अत्यधिक समृद्धता प्राप्त हुई है। नगर के प्राचीन इतिहास का गौरव महाकवि कालिदास का यहां से संबंध होना प्रकट करता है। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि ऐसे महान कवि ने हमारे आराध्य भगवान पशुपतिनाथ की भी आराधना की है। ब्रह्मा कुमारी हेमलता बहन ने कहा कि महाकवि कालिदास के साहित्य को केवल भारत में ही नहीं वरन समूचे विश्व में सम्मान मिला है। हमें गर्व है कि महाकवि का मंदसौर से गहरा नाता रहा है। आरंभ में स्वागत उद्बोधन देते हुए कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के निदेशक डॉ. गोविंद दत्तात्रेय गंधे ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि कविकुलगुरु महाकवि कालिदास ने अपने मेघदूत ग्रंथ में अष्टमूर्ति और दशपुर का उल्लेख किया है जो प्राचीन व धार्मिक नगरी मंदसौर से उनके गहरे रिश्ते को प्रगट करता है। आपने बताया कि कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के द्वारा मंदसौर में यह कालिदास प्रसंग का यह दसवां आयोजन है जिसमें सुश्री शुभदा वराडकर और उनके दल द्वारा ऋतुसंहार पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी निशांत शर्मा के निर्देशन में स्थानीय कलाकार भी प्रस्तुति देंगे। दूसरे दिन लगभग 20 विद्वतजन कालिदास साहित्य पर केंद्रित शोध पत्रों का वाचन करेंगे।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल श्री पशुपतिनाथ संस्कृत पाठशाला के आचार्य पं. विष्णु ज्ञानी भी मंचासीन थे। अतिथियों का स्वागत अकादमी के निदेशक डॉ. गंधे ने किया। संचालन कालिदास प्रसंग के स्थानीय संयोजक वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने किया आभार अकादमी के कार्यक्रम प्रभारी अनिल कुमार बारोड ने माना। आरंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया संस्कृत पाठ शाला के बटुक विद्यार्थियों ने मंगलाचरण किया। अतिथियों व आगंतुक महानुभावों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध नृत्यांगना सुश्री शुभदा वराडकर, संगीत प्रशिक्षक व कलाकार निशांत शर्मा, नृत्यांगना श्रीमती सन्नाली शर्मा, योग गुरु बंशीलाल टांक, पत्रकार लोकेश पालीवाल, लता मंगेशकर संगीत महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार द्विवेदी शास.महा. संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. के आर सूर्यवंशी भी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने सेना दिवस पर दी शुभकामनाएं

**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने



15 जनवरी को 'सेना दिवस' पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेना दिवस देश के वीर जवानों के शौर्य, पराक्रम, त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीर सैनिकों को नमन करते हुए कहा कि देशवासियों को अपनी सेना और सैनिकों के साहस पर गर्व है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का दिन भारतीय सेना की वीरता से परिपूर्ण गाथाओं और कर्तव्य निष्ठपर गर्व करने का दिन है। मातृभूमि की रक्षा के लिये हमारे जवानों की नि-स्वार्थ सेवा और समर्पण पर देशवासियों को गर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'मैं देश की सेना के जवानों को सैल्यूट करता हूँ, जिन्होंने मौसम और हालातों पर काबू पाते हुए देश की रक्षा और आन-बान के लिए अपने परिवार से उपर अपने कर्तव्य पथ पर दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं।'

## जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया 19 को मन्दसौर आयेंगी

**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** संयुक्त कलेक्टर द्वारा बताया गया की जिले की प्रभारी मंत्री



एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया 19 जनवरी को प्रात: 10 बजे झाबुआ से प्रस्थान कर मन्दसौर आयेगी। तय कार्यक्रम अनुसार दोपहर 1 बजे संत श्री रोटीराम जी महाराज कदम आश्रम, गौशाला, बेहपुर, चांदाखेडी, खजुरिया सारंग के सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित रहेंगी। सायं 4 बजे मन्दसौर से प्रस्थान कर रतलाम जायेंगे।

## नर्सरी से 8वीं तक के सभी विद्यालयों में आज और कल अवकाश घोषित

**नीमच, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्ट र श्री हिमांशु चंद्रा



द्वारा नीमच जिले में शीत लहर एवं तापमान में अत्य धिक गिरावट को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों की स्वास्थ्य , सुरक्षा के उद्देश्य से नीमच जिले में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वीं तक की सभी शासकीय, अशासकीय शिक्षण संस्थाचओं में विद्यार्थियों के लिए 16 एवं 17 जनवरी 2025 को अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। उक्त1 आदेश जिले की सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसी एसई एवं समस्ता बोर्ड से संबंद्ध शैक्षणिक संस्थाओं पर प्रभावशील रहेगा।

# संगठन चुनाव के मामले में भाजपा बिगड़ गई, विपक्षी कांग्रेस कर रही सुधार..!

**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा जिला संगठनों के चुनाव की प्रक्रिया समाप्त हो जाने के एक पखवाड़े बाद भी आधे जिलों के अध्यक्षों के नाम घोषित कर पाए हैं। इतना विलंब होना भाजपायों की भी समझ से परे होते जा रहा है। घोषणा के इंतजार में नए साल से लेकर संक्रांती भी निकल गई। घोषणा एक-दो घंटे में भी हो सकती है या एक दिन और भी लग सकता है। यह हो रहा है अनुशासित भाजपा में। जबकि, ऐसा कांग्रेस में हुआ करता था कि क्षत्रप नेताओं की पसंद के चलते नाम की घोषणा को उलझाया जाता, रोका भी जाता है। और जब कोई एक नाम घोषित भी होता था तो छत्रपो की आपसी सौदेबाजी के बाद,!



भाजपा संगठन में इस तरह के पंगे पहले कभी किसी चुनाव में नजर नहीं आते थे कि समय पर जिला अध्यक्षों की घोषणा न हो पाए। जब होगी तब होगी पर इस कारण भाजपा की सांगठनिक इमेज पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। नुक्कड़ चर्चाओं में कहा जाने लगा है भाजपा में अब सांगठनिक क्षमता धारक योग्य नेताओं की कमी नजर आ रही है। सत्ता पसंद नेताओं का वर्चस्व अधिक होता जा रहा है। अन्यथा आलोचना की चिंता किए बगैर संगठन अभी तक सभी जिला अध्यक्षों की घोषणा कर चुका होता। इधर कांग्रेस के प्रदेश संगठन की कार्यकारिणी के नाम जिम्मेदारी के बंटवारे में साफ नजर आ रहा है कि प्रदेश के पूर्व छात्रपो को, उनके करीबियों को भी नजरअंदाज किया गया है। ऐसा होने पर सहज ही कहा जा सकता है कि जीतु पटवारी को हाई कमान से छूट मिली होगी या परिवर्तन के नाम से उन्होंने ही पहले से इजाजत ले ली होगी। पटवारी की प्रदेश कार्यकारिणी में दिग्विजयसिंह समर्थकों की संख्या अधिक होने का कारण भी सहज व्यवस्था रहा होगा। क्योंकि, प्रदेश में दिग्विजय सिंह 10 साल मुख्यमंत्री और 5 साल अध्यक्ष भी रह चुके हैं। तब स्वाभाविक है कि पूरे प्रदेश कांग्रेसियों में उनके करीबी सबसे अधिक होंगे ही। इसी कारण प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी में दिग्विजय सिंह समर्थकों का अनुपात अधिक है।

भाजपा की संगठन की कार्य प्रणाली अलग तरह से काम करती है। सबसे ज्यादा लगभग 15 साल मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह समर्थकों को मंत्रिमंडल में भी यथायोग्य स्थान मिलना था पर नहीं मिल पाया है। इनके कार्यकाल में सिर्फ नरेंद्र सिंह तोमर प्रदेश अध्यक्ष से इनका तालमेल शत प्रतिशत था, बाकी से नहीं बैठ पाया था।

इधर कांग्रेस विपक्ष में है इसलिए शक्ति केंद्र प्रदेश संगठन अध्यक्ष जीतू पटवारी हैं। ऐसे में अगर कांग्रेस हाई कमान इन्हें फ्री हैंड कर चुका है संगठन चलाने और कांग्रेस को निखारने के लिए तो स्वाभाविक है कि प्रदेश के छत्रप नेताओं की भृकुटियां तनी रहेगी। पटवारी अपनी पसंद से संगठन पदाधिकारी चुनते जाएंगे। प्रदेश पदाधिकारी के कार्य विभाजन के बाद पहली बैठक में दिग्विजय सिंह, कमलनाथ और मीनाक्षी की नाराजगी पर हाई कमान की नजरअंदाजी यह जाहिर कर रही है कि पटवारी अपने अधिकारों का उपयोग स्वतंत्र रूप से कर सकते हैं। इसी कारण प्रदेश राजनीति में लग रहा है कि भाजपा का सांगठनिक आंतरिक अनुशासन बिगड़ रहा है। जबकि, कांग्रेस में सुधार होता नजर आ रहा है।

# मालवा पत्रकार महासंघ ने किया युवा प्रेस क्लब के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत



**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला युवा प्रेस क्लब के विगत दिवस लोकतांत्रिक तरीके से हुए चुनाव में मालवा पत्रकार महासंघ के दो सदस्य चरण राजपाल अध्यक्ष पद पर और विजयेन्द्र फांफरिया सह - सचिव पद पर निर्वाचित हुए। उनके विजय होने पर मालवा पत्रकार महासंघ ने दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत कर उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मालवा पत्रकार महासंघ के अब्दुल वाहिद रईस ने कहा कि युवा प्रेस क्लब के सभी सदस्यगण व पूर्व पदाधिकारीगण बधाई के पात्र है जो संगठन में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव करवाकर अपने पदाधिकारियों का चयन करते है। वरिष्ठ पत्रकार गायत्री प्रसाद शर्मा ने कहा कि हमारे संघ के भी दो सदस्य युवा प्रेस क्लब के चुनाव में जीतकर पदाधिकारी बनें हैं यह गौरव का क्षण है। अन्य संगठन भी प्रेरणा लेकर निर्वाचन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाए तो समाज में एक बेहतर संदेश जाएगा। इस अवसर पर मालवा पत्रकार महासंघ के अब्दुल वाहिद रईस, गायत्री प्रसाद शर्मा, संजय भाटी, सुरेश भाटी, योगेश सोनी, सोनू गुप्ता, व अभिषेक अरोरा आदि उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों ने शा. पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में भ्रमण किया



**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शिवशंकर शर्मा शा. पॉलोटेकनिक महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा बताया गया की महाविद्यालय में शत-प्रतिशत प्रवेश किये जाने के अंतर्गत शा. उ. मा. वि. नगरी के 46 विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में प्राचार्य श्रीमती रीटा शर्मा, श्री भंवरलाल सागित्रा, श्री शंकर सिंह चौहान के साथ शासकीय - पोलीटेक्निक महाविद्यालय में भ्रमण किया गया। संस्था प्राचार्य डॉ. डी.के. शर्मा द्वारा विद्यार्थियों के अलग-अलग चार ग्रुप बनाकर महाविद्यालय के विभिन्न ब्रांचों की लेब का भ्रमण कराया गया। प्राचार्य डॉ. डी.के. शर्मा द्वारा तकनीकी शिक्षा में उन्नति एवं भविष्य के साथ साथ प्रवेश के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई।

### ✻ शोक संदेश ✻

हमारा छोटा भाई एवम् प्रकाश के बड़े भाई एवम् संजय (पूर्व पार्षद),



धीरज के चाचाजी एवम् हनी के ताऊजी एवम् नेहा (सोनू), अनुजा (तनु), रिषिता के पूज्य पिताजी एवम् प्रियंक व हार्दिक के छोटे दादाजी श्रीमान पारसमल जी अग्रवाल सुपुत्र स्व.श्री कन्हैयालालजी अग्रवाल का दु:खद निधन आज दिनांक 15/01/25 को हो गया है, जिनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान मकान नंबर 87 कोठारी कॉलोनी,संजीत नाका मंदसौर से कल दिनांक 16 जनवरी 25 गुरुवार को प्रात: 10:00 बजे शववाहन के द्वारा मुक्तिधाम को जावेगी।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**

**राजेंद्र अग्रवाल, यशवंत अग्रवाल (जस्सुभाई), चंद्रभान अग्रवाल (मुंबई), एवं गोयल परिवार मंदसौर फर्म– ✻ कन्हैयालाल नगजीराम अग्रवाल ✻ होटल मीनाक्षी पिपलिया मंडी ✻ तरुण स्टील मंदसौर**

### संयुक्त उठावना व शोक निवारण

स्व. श्री मोतीलाल जी जैन (नाहरगढ़ वाले) के सुपुत्र, स्व. श्री



राजमल जी जैन व डॉ. अशोक जैन के भाई एवं दिलीप जैन व अरविन्द जैन के काका साहब एवं डॉ. सपन जैन के ताऊजी एवं विनोद जैन व पंकज जैन के पिताश्री एवं कपिल, रीना, श्रेया व स्मृति के दादाजी श्री शांतिलाल जी जैन (स्टीलनगर वाले) का स्वर्गवास परसों दिनांक 14.01.25 को हो गया। संयुक्त उठावना आज 16.01.25 को सुबह 10 बजे (शोक निवारण 11.30 बजे) 1, स्टीलनगर, 'पितृ-छाया', महू-नीमच रोड, मन्दसौर पर होगा।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**

**डॉ. अशोक जैन, विनोद जैन, पंकज जैन (जाम्बिया), दिलीप जैन, अरविन्द जैन (महावीर बस) एवं डॉ. सपन जैन (उदयपुर) श्रीमती साधना दिलीप जैन, श्रीमती मीना अरविन्द जैन**

# जैन बने दसवीं बार मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष

## सोलंकी कार्यकारी जिलाध्यक्ष, जाजपुरा जिला महासचिव नियुक्त

**मनासा, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सिंगोली प्रदेश में पत्रकारो के सबसे बड़े रजिस्टर्ड संगठन मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया की अनुशंसा पर प्रदेश के कार्यकारी महासचिव सत्यनारायण वैषणव ने प्रदीप जैन को नीमच जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। ज्ञात रहे जैन की शतत सक्रियता को देखते हुए संगठन के प्रदेश नेतृत्व ने दसवीं बार जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही नव नियुक्त जिला कार्यकारिणी में चेन सिंह सोलंकी को कार्यकारी जिलाध्यक्ष तो अविनाश जाजपुरा को जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। प्रदेश नेतृत्व द्वारा घोषित नवीन जिला कार्यकारिणी इस तरह है। जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन कार्यकारी जिलाध्यक्ष चेन सिंह सोलंकी उपाध्यक्ष संजय व्यास मनासा राकेश सोन नीमच रियाज भाई मंसूरी रामपुरा किशन अहिरवार जीरन राजेश कोठारी सिंगोली सतीश व्यास डिकेन महासचिव अविनाश जाजपुरा नीमच कोषाध्यक्ष एम डी मंसूरी झांतला सचिव रुपेश सारु रामपुरा सतीश खाबिया कुकडेश्वर मुकेश सिंहल पार्टनर नीमच निखिल गिरी रजनाती सिंगोली विपीन पुरोहित जीरन राजकुमार



जैन मोरवन संयुक्त सचिव विष्णु चौधरी भाट खेड़ी अजय दानगढ़ रामपुरा महेश मोदी कुकडेश्वर कोशल व्यास सिंगोली आशीष बंग जावद दुर्गा शंकर भाट जीरन तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विपुल सिंह नीमच दिनेश अहिर मोरवन प्रभुलाल सिहार कोमल दास बैरागी खोर अशोक व्यास डिकेन सत्यनारायण सुथार जाट नरेंद्र कुशवाहा हांसपुर को लिया गया है। जैन के दसवीं बार जिलाध्यक्ष बनने से जिले के पत्रकारो में हर्ष की लहर है।

## सूने मकान का ताला तोड़कर जेवर व नकदी चोरी

**पिपलियामंडी, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवर चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। बरखेड़ा देव डूगरी निवासी नंदकिशोर पिता रामेश्वर कुलमी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि परिवार सहित धर्मशाला में गोद भराई के कार्यक्रम में गए थे। वापस आए तो घर के बाहर का दरवाजा खुला था। अंदर के कमरे का ताला टूटा था। आलमारी में रखे कान के सोने के झूमके, सोने का मंगलसूत्र, चांदी के पायजेब, चांदी के चुडियां, बिछिया व लहसुन बेचकर रखी हुई नकदी भी नही थी। पुलिस ने केस दर्ज किया।

# कलेक्टर ने आरआरबी द्वारा दान की गई एक्स-रे मशीन को डोनेट किया

**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने जिले के निजी अस्पतालों के साथ एक संयुक्त बैठक कर टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी निजी अस्पताल अधिक से अधिक सहयोग करें तथा रिपोर्ट करें। जिला



अस्पताल रिपोर्ट की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें। निजी अस्पतालों के कर्मचारियों को भी निक्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान कलेक्टर ने सहकारी बैंक एवं राजाराम ब्रदर्स द्वारा 16 लाख रुपए की कीमत की एक्स-रे मिशन जो जिला अस्पताल को दान की गई उक्त मशीन को डोनेट किया।

**निक्षय मित्र कैसे बने–**निक्षय मित्र बनने के लिए निक्षय मित्र का नाम, मोबाईल नंबर, ई-मेल आई.डी. एवं पता की आवश्यकता होती है। निक्षय मित्र बनने के लिए https://community support.nikshay.in) लिंक पर जाकर संबंधित जानकारी दर्ज कर नि-क्षय मित्र बना जा सकता है। या मोबाइल नंबर +91 9425108553 पर संपर्क भी कर सकते हैं।



## कालेज चलो अभियान अंतर्गत किया भ्रमण

**मंदसौर, 15 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि कालेज चलो अभियान के अंतर्गत आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रदेशभर में कालेज चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राध्यापकों द्वारा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में शा.उ.मा.वि.गुर्जरबर्डिया, शा.उ.मा.वि.नगरी, शा.उ.मा.वि.धमनार आदि का भ्रमण किया गया। उक्त विद्यालयों में उपस्थित छात्राओं की महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा कॅरियर काउन्सलिंग की गई। साथ ही छात्राओं पीपीटी के माध्यम से ई-प्रवेश प्रक्रिया, महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रम तथा सुविधाओं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, छात्राओं हेतु विभिन्न छात्रवृत्ति एवं अन्य शासकीय हितग्राही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर छात्राओं को स्नातक स्तर पर शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित किया गया। महाविद्यालय की ओर से भ्रमण दल में डा.अखलाक मन्सूरी सहायक प्राध्यापक गणित, श्री कपिल जैन, श्री फिरोज मन्सूरी, श्री संजय परमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।


### कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक .../25 मंदसौर, दिनांक ..../..../2025

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 जेडबी 1062 स्कूटर जो कि इस कार्यालय में विवेककुमार पिता महेशकुमार भदादा निवासी ए-134 जनता कालोनी, मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह कि वाहन स्वामी की मृत्यु दिनांक 19.03.2024 को हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती मधु भदादा द्वारा नाम अंतरण करने हेतु कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

### ✻✻✻ नाम परिवर्तन ✻✻✻

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हुसैनी पिता असगर अली ने अपना नाम परिवर्तन कर हुसैनी नाटाराम पिता असगर अली कर लिया हैं। अतः आईन्दा आगे से मुझे अपने नए नाम हुसैनी नाटाराम पिता असगर अली के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।**

**पता–44 बुरहानी नगर, मंदसौर**

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मंदसौर

महू–नीमच रोड शासकीय महाविद्यालय के पास मंदसौर, E-mail-: eephedmas@mp.nic.in

NIT NO. 10/2024-25

क्रमांक–188/व.ले.लि./का.यं./2025 मंदसौर, दिनांक – 10.01.2025

निम्नलिखित कार्य आमंत्रण सूचना वेबसाईट www.mptender.gov.in पर प्रदर्शित की गई है। टेंडर का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| टेण्डर आई. डी.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपयों में) | 1. अर्नेस्टमनी (रुपये में) 2. आमंत्रण क्रमांक | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | निविदा क्रय की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED_395101_1 | Vehicles on rent with driver but excluding POL (Diesel) for One Year for supervision and inspection and physical venfication of various constructions work in Mandsaur District. Vehicle Model 2022 Max Mahindra Scorpio, Mahindra. TUV T8, Mahindra Bolero, eater vehicle and power steering, power window should be) For Executive Engineer Public Health Engineering Division Mandsaur District Mandsaur As per BOQ | 293004.00 | 1. 5860.00 2. प्रथम आमंत्रण | 365 दिवस | 27.01.2025 17.30 तक |

उक्त कार्य की निविदा क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिग एकाउन्ट के माध्यम से भुगतान करने पर ऑनलाईन उक्त बेवसाईट पर क्रय की जा सकती है। निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

नोट :– निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाईट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

(पी.के. गोगादे)
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यां. खंड, मंदसौर
फोन नं.–07422232190

G-21637/24

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in